# DIPLOMA IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION

## Term-End Examination

## June, 2010

## DECE-1 : ORGANIZING CHILD CARE SERVICES

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Question No. 1 is* ***compulsory.*** *Answer* ***any other four*** *questions.*

**1.** (a) A preschool education working with a group of 20 three year old children has planned to organize the following activities with the children during three days : **3x7=21**

03442

- Playing in the sandpit and on swings - An outdoor activity
- Finger painting
- Drawing and Colouring with crayons
- Thread painting
- Indoor free play
- Paper tearing and pasting
- Story telling by educator

- Playing with blocks
- Rhymes
- Story telling by children
- Threading beads
- Three activities on the theme "Summer Season"
- Gardening
- Snacks
- Toiletting and washing hands.

Suggest to the educator how she should schedule these activities over three days. Keep in mind that each activity should be scheduled at least once over the three day period. Some of the activities, however may be repeated over the three days. You may add some activities other than those that have been listed. Note that these activities are being planned in the summer season. Use the following format to prepare your schedule, and indicate the time period for each activity.

| Time Period | Monday | Tuesday | Wednesday |
|---|---|---|---|
| 8.30 - 8.45 a.m | Children arrive, welcome | | |
| | | | |
| 11.45 a.m -12 noon | Departure | | |

(b) State in detail the rationale (reasons) for the scheduling of activities done by you. **10**

(c) List the three activities that you have scheduled on the theme "Summer Season". Name the areas in which each of these activities foster development. **1x3=3**

(d) State an area in which each of the following activities primarily fosters development. The first one has been done for you as an example. **6**

| *Activity* | *Area of development.* |
|---|---|
| *Ex* :Running | Gross motor development |

(i) Singing

(ii) Mapping objects with clay

(iii) Identifying animal sounds

(iv) Sorting vegetables into groups

(v) Putting pebbles on a line drawn on the floor

(vi) Dancing

**2.** Suppose you are planning to tell a story to a group of 5 year olds :

(a) What aspects would you keep in mind when selecting and narrating the story ? **5+5=10**

(b) Describe any two activities that you may organize immediately after telling the story. **2½+2½=5**

3. (a) Describe the development of thinking in the first year of life. **10**

(b) Are children of preschool age able to show ability of conservation ? Give reasons for your answer. **5**

4. (a) Outline the sequence of emergence of gross and fine motor skills from birth to one year of age. **5+5=10**

(b) Describe one activity each for fostering the development of a four year old child in each of the following areas. **2½+2½=5**

(i) Gross motor skills and

(ii) Fine motor skills

5. (a) What does the term "development" mean in context of child development ? With the help of examples explain the three main characteristics of development. **5**

(b) Explain giving examples how does play help in the : **5+5=10**

(i) social and emotional development of the child

(ii) Language development of the child

6. (a) What is meant by the term "autonomy" ? Why is it important for the toddler to develop autonomy ? **5**

(b) What is meant by "altruism" and "empathy" with respect to young children ? What kind of family setting would help in the development of altruism and empathy ? **10**

7. Suppose you are an educator in a preschool centre :

(a) Why is it important for you to evaluate children in your group ? **5**

(b) List the tools and methods that you would use for evaluating children **5**

(c) State the points you will keep in mind while evaluating use of space in the preschool centre. **5**

8. Write on *any three* of the following in about 250 words each : **5+5+5=15**

(a) Nurturing creativity during the early childhood years.

(b) Influence of gender on the experience of childhood

(c) Strategies for managing a large group of preschool children in the centre.

(d) Value of out activities

(e) Functions of language during childhood years

# प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2010

## डी.ई.सी.ई - 1 : बाल देखभाल सेवाओं का संगठन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है। शेष में से* ***किन्हीं चार*** *के उत्तर दीजिए।*

1. (a) तीन वर्ष की आयु वर्ग के 20 बच्चों के समूह के लिए एक शालापूर्व शिक्षिका ने तीन दिनों तक निम्न लिखित खेल-क्रियाएँ आयोजित करने की योजना बनाई है : **3x7=21**

- रेत के साथ और झूलों पर खेलना-एक बाहरी खेल-क्रिया
- अंगुलियों से पेंटिग करना
- क्रेयान के साथ ड्राईंग करना और रंग भरना
- धागे से पेंटिग करना
- भीतरी मुक्त खेल
- कागज़ फाड़ना और चिपकाना
- शिक्षिका द्वारा कहानी सुनाना
- गुटकों के साथ खेलना
- बाल कविताएँ

- बच्चों द्वारा कहानी सुनाना
- धागे में मोती पिरोना
- 'ग्रीष्म ऋतु' वर्ण्य विषय पर तीन क्रियाएँ
- बागवानी
- अल्पाहार
- शौचादि जाना और हाथ मूँह धोना

शिक्षिका को सुझाइए कि इन तीन दिनों की क्रियाओं की अनुसूची वह कैसे बनाए। ध्यान में रखे इन तीन दिनों के दौरान प्रत्येक क्रिया को अनुसूची में कम से कम एक बार अवश्य शामिल किया जाना चाहिए। हालांकि कुछ क्रियाओं को इन तीन दिनों में दोहराया भी जा सकता है। आप ऊपर वर्णित क्रियाओं के अलावा कुछ और क्रियाएँ जोड़ सकते हैं। ध्यान दें कि ये क्रियाएँ ग्रीष्म ऋतु में योजना बद्ध की जा रही है। अपनी अनुसूची तैयार करने के लिए निम्नलिखित फारमेट का प्रयोग करें और प्रत्येक क्रिया के लिए समय-अवधि बताएँ।

| समय-अवधि | सोमवार | मंगलवार | बुधवार |
|---|---|---|---|
| प्रात:8.30 से 8.45 तक : | बच्चों का आना, उनका स्वागत | | |
| | | | |
| दोपहर 11.45 -12 तक : | प्रस्थान | | |

(b) आपने क्रियाओं की जो अनुसूची तैयार की है उसके तर्काधार (कारणों) का विस्तार से वर्णन कीजिए। 10

(c) 'ग्रीष्म ऋतु' वर्ण्य विषय पर आपने जिन क्रियाओं की अनुसूची बनाई है उसे सूचीबद्ध कीजिए। बताइए प्रत्येक क्रिया विकास के किस क्षेत्र में बढ़ावा देगी। 1x3=3

(d) वह क्षेत्र बताइए जिनमें निम्नलिखित प्रत्येक क्रिया प्रमुख रूप से विकास को बढ़ावा देगी। 6

उदाहरण के रूप में पहली क्रिया को प्रस्तुत किया गया है।

| *क्रिया* | *विकास का क्षेत्र* |
|---|---|
| उदाहरण : दौड़ना | स्थूल क्रियात्मक विकास |

(i) गाना

(ii) चिकनी मिट्टी से चीज़े बनाना

(iii) जानवरों की आवाजों को पहचानना

(iv) सब्जियों को समूह में रखना

(v) जमीन पर बनाई-गई रेखा पर कंकड़-पत्थर रखना

(vi) नृत्य करना

2. मान लीजिए आप पाँच वर्ष की आयु समूह को कहानी सुनाने की योजना बना रहे है।

(a) कहानी का चयन करने और सुनाने में आप किन पहलुओं को ध्यान में रखेंगे? बताइए। 5+5=10

(b) कहानी सुनाने के एकदम बाद आप जो कोई दो क्रियाएँ आयोजित कर सकते हैं उनका वर्णन करेंगे। 2½+2½=5

3. (a) जीवन के प्रथम वर्ष में विचार-शक्ति के विकास का वर्णन कीजिए। 10

(b) क्या शालापूर्व आयु वर्ग के बच्चे संरक्षण कर पाने की योग्यता रखते है? अपने उत्तर के कारण बताइए। 5

4. (a) जन्म से लेकर एक वर्ष की आयु तक स्थूल और सूक्ष्म क्रियात्मक कौशलों के उभरने का क्रम बताइए। 5+5=10

(b) चार वर्ष के बच्चे में निम्नलिखित प्रत्येक के विकास को बढ़ावा देने के लिए एक क्रिया का वर्णन कीजिए : 2½+2½=5

(i) स्थूल क्रियात्मक कौशल

(ii) सूक्ष्म क्रियात्मक कौशल

5. (a) जब हम बाल-विकास की बात करते हैं तो, यहाँ विकास शब्द का क्या अभिप्राय है। उदाहरणों सहित विकास की तीन प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 5

(b) खेल बच्चे के : 5+5=10

(i) सामाजिक और भावात्मक विकास तथा

(ii) भाषायी विकास में कैसे सहायक होता है? उदाहरण दीजिए।

6. (a) 'स्वायतत्ता' से आप क्या समझते हैं ? 13-36 माह के बच्चे में स्वायत्तता का विकास क्यों महत्वपूर्ण है? 5

(b) छोटे बच्चों के संदर्भ में परोपकारिता और समानुभूति से क्या तात्पर्य है? वे कौन से पारिवारिक परिवेश हैं जो इनके विकास में मदद करते हैं? 10

7. मान लिजिए आप एक शालापूर्व केन्द्र में शिक्षिका है :

(a) अपने समूह के बच्चों का मूल्यांकन करना आपके लिए क्यों महत्वपूर्ण है? 5

(b) बच्चों का मूल्यांकन करने के लिए आप जिन साधनों और विधियों का प्रयोग करेंगे उन्हे सूचिबद्ध कीजिए। 5

(c) शालापूर्व केन्द्र में स्थान के उपयोग का मूल्यांकन करते समय आप किन बातों को ध्यान में रखेंगे-बताइए। 5

8. निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** पर 250 शब्दों में लिखिए : 5+5+5=15

(a) प्रारंभिक बाल्यावस्था के दौरान सृजनात्मकता को बढ़ावा देना।

(b) बाल्यावस्था के अनुभवो पर जेंडर का प्रभाव।

(c) केन्द्र में शालापूर्व बच्चों के एक बडे समूह के साथ काम करने की कार्यनितियाँ।

(d) कला क्रियाओं का महत्व।

(e) बाल्यावस्था वर्षों में भाषा के कार्य।